हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 9 फरवरी 2026

06 पहली बार छोटी 51 सदस्यीय जिला कांग्रेस...




08 द्रव्य संग्रह ग्रंथ के प्रत्येक शब्द में आत्मोत्थान की शक्ति...





## खबर संक्षेप

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 23 फरवरी से

**सीहोर।** आरक्षक (जी.डी.) एवं आरक्षक (रेडियों) के कुल 7500 पदों पर भर्ती हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी मंडल भोपाल द्वारा ऑनलाईन परीक्षा 30 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक आयोजित कराई गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम 25 जनवरी को वेबसाइट पर घोषित किया जा चुका है। सफल उम्मीदवार को अगले चरण के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण एवं 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद एवं गोला फेंक मध्यप्रदेश के 10 स्थानों पर 23 फरवरी से 13 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से आरंभ होगी। ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवार म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट से अपना सूचना पत्र डाउनलोड कर निर्धारित शारीरिक प्रवीणता परीक्षा स्थल पर पहुंचे। सभी उम्मीदवारों को उनकी निर्धारित दिनांक को ही पहुंचना आवश्यक है। उम्मीदवार को शारीरिक प्रवीणता के लिये जो दिनांक व स्थान सूचित किया जा रहा है उस दिनांक व स्थान में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। भोपाल में लाल परेड ग्राउड भोपाल, इंदौर में माउण्टेड ट्रूप डिपार्टमेंट (MTD) परिसर आरएपीटीसी इन्दौर, जबलपुर में परेड ग्राउण्ड 6वीं वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर, ग्वालियर में परेड ग्राउण्ड 14वीं वाहिनी विसबल कम्पू ग्वालियर, उज्जैन में महानंदा एरीना ग्राउण्ड देवास रोड उज्जैन, सागर में शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कालेज बहेरिया सागर, रीवा में परेड ग्राउण्ड 9वीं वाहिनी विसबल रीवा, बालाघाट में फुटबॉल/हॉकी ग्राउण्ड 36वीं वाहिनी विसबल बालाघाट, बस स्टैण्ड के पास जावरा रतलाम तथा मुरैना में परेड ग्राउण्ड 05वीं वाहिनी विसबल मुरैना में आयोजित होगी।

### करणी सेना के आंदोलन के आगे झुका प्रशासन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में करणी सेना परिवार के कड़े रुख के बाद पुलिस प्रशासन को अंततः झुकना पड़ा है। लंबे समय से चल रहे विरोध के बाद प्रशासन ने जावर थाना प्रभारी नीता देयारवाल को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया है। इस बड़ी जीत के बाद करणी सेना परिवार के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर जानकारी दी कि रविवार को जावर में होने वाला विशाल आंदोलन अब निरस्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि स्थानीय करणी सैनिक थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे और रविवार से आमरण अनशन पर बैठने की तैयारी में थे। करणी सेना की बढ़ती सक्रियता और बड़े आंदोलन की आहट को भांपते हुए पुलिस प्रशासन ने समय रहते उनकी मांगें मान लीं। शेरपुर ने कार्यकर्ताओं की एकजुटता की सराहना करते हुए संगठन की बड़ी जीत बताया है। प्रशासन के निर्णय से क्षेत्र में तनाव की स्थिति समाप्त हो गई है।

## शहर में ही प्रशासन की नाक के नीचे बिना विकास अनुमति के कट रही कॉलोनियां

# नोटिस तक सिमटी कार्रवाई, नहीं चल रहा अवैध कॉलोनियों पर प्रसाशन का बुलडोजर

बिना विकास अनुमति के प्लॉट बेचने का खेल जारी, प्रशासन की ढील से खरीदारों की पूंजी पर संकट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे प्रशासनिक आदेशों को भी हवा में उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले भर में अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसने के लिए जारी किए गए सख्त निर्देशों के बावजूद मैदानी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। आलम यह है कि जिला मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर तक बिना किसी अनिवार्य अनुमति के नई कॉलोनियां बसाई जा रही हैं और भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने 3 दिसंबर 2025 को जिले के सभी राजस्व अधिकारियों, नगर पालिका अधिकारियों और जनपद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे। आदेश में कहा गया था कि जिले में बिना अनुमति के बन रही अवैध कॉलोनियों की जांच की जाए और एक सप्ताह के भीतर उनकी सूची प्रस्तुत की जाए। इस आदेश के बाद प्रशासनिक गलियारों में हडक़ंप तो मचा, लेकिन इसकी तामील में कई विभागों ने सुस्ती दिखाई है। खास बात यह है कि प्रशासन केवल सूची तैयार करने में जुटा है तो दूसरी भू माफिया अवैध कालोनी काटने में जुटे हुए हैं। प्रशासन इन माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिसका उदाहरण जिला मुख्यालय स्थित नारायण विहार कालोनी को देखकर लगाया जा सकता है, जहां कृषि भूमि पर भू माफिया बिना विकास अनुमति के कालोनी काटकर प्लॉट बेच रहे हैं, लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने की जगह महज नोटिस की औपचारिकता ही कर रहा है।

### सीहोर-भैरुंदा और दोराहा ने भेजी सूची

कलेक्टर के कड़े रुख के बाद कुछ अधिकारियों ने सक्रियता दिखाई है। सीहोर शहर तहसीदलदार ने सूची बनाकर कलेक्टर को भेज दी है, इसी तरह भैरुंदा सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने अपने क्षेत्र की ऐसी 16 कॉलोनियों की सूची बनाकर कलेक्ट्रेट कार्यालय भेजी है, जो अवैध रूप से संचालित हैं। जबकि दोराहा प्रशासन ने भी दोराहा-झरखेड़ा क्षेत्र की 16 अवैध कॉलोनियों की सूची जिला प्रशासन को भेजी है। हालांकि जिले के कई अन्य क्षेत्रों के अधिकारी अभी भी जानकारी जुटाने के नाम पर ढील-पोल कर रहे हैं, जिसका फायदा भू-माफिया उठा रहे हैं।

### नियमों को ताक पर रखकर हो रहा विकास

जिले भर में कई ऐसी कॉलोनियां हैं जहां बिजली, पानी, ड्रेनेज और सडक़ जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए अनिवार्य विकास अनुमति नहीं ली गई है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा जैसे महत्वपूर्ण नियमों की अनदेखी कर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

### सावधानः प्लॉट खरीदने से पहले ये 5 दस्तावेज जरूर देखें

**कालोनाइजर लाइसेंसः** कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी।
**टी एंड सीपी मंजूरीः** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत नक्शा।
**विकास अनुमतिः** स्थानीय निकाय से बिजली, पानी और ड्रेनेज के विकास की अनुमति।
**रेरा पंजीयनः** मप्र रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिना प्लॉट बेचना गैरकानूनी है।
**एनओसीः** नजूल विभाग और पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र।

### रिश्तों के आगे नतमस्तक प्रशासनिक नियम




जिला मुख्यालय पर ही एक ऐसा ताजा मामला सामने आया है जहां नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि शहर में एक नई कॉलोनी काटी जा रही है, जिसके कर्ता-धर्ताओं ने विकास अनुमति लेना तक मुनासिब नहीं समझा। सूत्रों की मानें तो इस कॉलोनी में एक बड़े प्रशासनिक अधिकारी के भाई का नाम भी शामिल है। शायद यही वजह है कि कलेक्टर के आदेश के बावजूद इस कॉलोनी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और न ही इसे अवैध की सूची में डालने की हिम्मत दिखाई जा रही है।

#### कार्रवाई करेंगे

हमने अपने क्षेत्र की 16 अवैध कॉलोनियों की जानकारी जिला प्रशासन को भेज दी है, कार्रवाई करेंगे।

**राम प्रसाद भावरे,** सीएमओए भैरुंदा

#### सूची जल्द भेजेंगे

अभी अवैध कॉलोनियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है, जल्द ही सूची तैयार कर भेजी जाएगी।

**संजय अग्रवाल,** जनपद सीईओ भैरुंदा

#### सभी को दिए हैं नोटिस

कलेक्टर के निर्देश मिलते ही अवैध कॉलोनाइजर पर कार्रवाई की जाएगी। सभी को नोटिस दिए गए है।

**अमित सिंह,** तहसीलदार सीहोर शहर

# गाय का शिकार करते दिखे तेंदुआ व दो शावक

## क्षेत्र में भय का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



तहसील भैरुंदा के जंगल से सटे ग्राम जाट मुहाई क्षेत्र में शनिवार देर रात तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ खुले इलाके में नजर आया। तेंदुआ द्वारा एक गाय का शिकार किए जाने का वीडियो ग्रामीणों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो सामने आते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और जंगल से सटे गांवों में दहशत का माहौल बन गया है।वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि तेंदुआ गाय का शिकार करने के बाद उसे नोच रहा है, जबकि उसके साथ दो शावक भी मौजूद हैं। इसी दौरान ग्रामीणों की गाड़ी की रोशनी पड़ते ही तेंदुआ सतर्क हो गया और दोनों शावकों के साथ जंगल की ओर बढ़ गया। यह घटना गोपालपुर क्षेत्र के अंतर्गत जाट मुहाई के आसपास की बताई जा रही है। पहली बार तेंदुआ गांव के इतने नजदीक शावकों के साथ दिखाई देने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले तेंदुए की हलचल जंगल तक ही सीमित थी, लेकिन अब उसका गांव के खुले इलाके तक आना खतरे की घंटी है। विशेषकर पशुपालकों में अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

रात के समय खेतों और बाड़ों में मवेशियों की रखवाली करना अब जोखिम भरा हो गया है।वीडियो वायरल होते ही वन विभाग हरकत में आ गया। जाट मुहाई सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया गया। मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों से अपील की गई कि रात में अकेले बाहर न निकलें, बच्चों को घर से बाहर न जाने दें और मवेशियों पर विशेष निगरानी रखें। साथ ही किसी भी स्थिति में तेंदुआ या अन्य वन्य प्राणियों के पास जाने या उन्हें भगाने का प्रयास न करें।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त अमले की तैनाती भी की जाएगी। विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

बताया जा रहा है कि जाट मुहाई और आसपास का क्षेत्र खिबनी अभ्यारण से जुड़ा हुआ है। बीते कुछ दिनों से खिबनी क्षेत्र में तेंदुआ और उसके शावकों की मूवमेंट की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। माना जा रहा है कि भोजन की तलाश में जंगली जानवर अभ्यारण से बाहर निकलकर ग्रामीण इलाकों की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में देवास जिले की खातेगांव तहसील के गनौरा क्षेत्र में भी जंगली जानवर द्वारा मवेशी के शिकार की घटना सामने आई थी, जिससे जंगल से सटे इलाकों में खतरे के संकेत बढ़ते जा रहे हैं। लाड़कई वन परिक्षेत्र के अधिकारी प्रकाश चंद ऊइके ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मानव और वन्यजीव—दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग और सतर्कता से बचाव के लिए कहा है।

# सम्मान समारोहः अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को मंच से सीहोर गौरव सम्मान दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की प्रतिभाओ के सम्मानित करना उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास नगर पालिका ने किया है। जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो हम सिर्फ उसका मनोबल नही बढ़ाते, बल्कि शहर के अन्य लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। नगर पालिका का यह ऐतिहासिक प्रयास काफी सफल रहा है।

उक्त विचार नगर पालिका के तत्वाधान में क्षेत्रवासियों और मीडिया बंधुओं के द्वारा कराए गए ऐतिहासिक प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर गौरव का पुरस्कार प्राप्त करते हुए अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि हम हमारे शहर का गौरव सम्मान नवंबर में करते हुए आ रहे थे, लेकिन किसी कारणवश यह कार्यक्रम का आयोजन अब किया जा रहा है। उन्होंने टीवी एक्टर नेहा मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय विधायक सुदेश राय, कलेक्टर बाला गुरु के, पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएमओ सुधीर कुमार सहित अन्य का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद वक्ताओं ने कहाकि आज हमारे शहर की प्रतिभाओं ने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया है इसके अलावा विश्व में सनातन धर्म को मजबूत करने और जन-जन में शिव नाम की महिमा पहुंचाने वाले हमारे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का मंच से सम्मान किया जा रहा है। किसी भी नगर का विकास सही मायनों में तभी हो सकता है, जब उस नगर की प्रतिभाओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाये। प्रतिभाओं के सम्मान से अन्य वर्गों के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। हमारे यहां पर आध्यतम का क्षेत्र, उद्योग का क्षेत्र, खेल, शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों के अलावा अन्य क्षेत्र ऐसे है जिनमें अनेक प्रतिभाओं ने हमारे क्षेत्र का नाम रोशन विश्व पटल पर दर्ज किया है, ऐसी प्रतिभाओं को मंच से सम्मान देने के लिए नगर पालिका के तत्वाधान में यह सम्मान किया गया है।

### प्रतिभाओं का सम्मान

साहित्य, खेल, समाजसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विज्ञान, आईएएस, आईपीएस, स्वच्छता, धर्म आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए कई प्रतिष्ठित आयोजन होते है, 2025-2026 के संदर्भ में प्रमुख सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए सभी का मिलकर प्रयास करना जरूरी है। इसके अलावा 100 से अधिक प्रतिभाओं के सम्मान कार्यक्रम के साथ लकी ड्रा में तीन महिला और पुरुष को इनाम दिया गया।

# बजट में गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ हर वर्ग के कल्याण की चिन्ताः सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर द्वारा में केन्द्रीय बजट 2026 - 27 को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन सीहोर जिला मुख्यालय स्थित होटल अदिश्री में किया गया । इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के युवा, खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला महामंत्री जितेन्द्र गौड़, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर मंचासीन उपस्थित रहें।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदशन व नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला जी लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर रही है। यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है। 2014 में कांग्रेस के शासन काल में भारत 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था था और अब मोदी जी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है।

मोदी जी की नीतियों व दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज भारत विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। विश्वास सारंग ने कहा कि इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि GYAN यानी G-गरीब, Y-युवा, A-अन्नदाता और N-नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री की सरकार समर्पित है। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ ही दुनिया में भारत की ताकत का अहसास कराया है इस बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए गये है। यह बजट सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। बजट मोदी जी के विजन रिफार्म परफार्म और ट्रांसफोर्म को परिलक्षित कर रहा है।

## स्वच्छ ऊर्जा, समृद्ध किसान की दिशा में प्रभावी पहल

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित नवीन राष्ट्रीय बायोगैस एवं मैन्योर मैनेजमेंट प्रोग्राम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने तथा गोबर एवं जैविक अपशिष्टों के वैज्ञानिक प्रबंधन को प्रोत्साहित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत परिवार आधारित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना पर शासकीय अनुदान प्रदान किया जाता है, जिससे ग्रामीण परिवारों को रसोई गैस जैसी स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद भी प्राप्त होती है। योजना पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों की लागत कम कर आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीहोर जिले के ग्राम



बिलकिसगंज निवासी किसान अजब सिंह मेवाड़ा भी उन किसानों मे से एक हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिला है। किसान श्री मेवाड़ा ने योजना के अंतर्गत 03 घनमीटर क्षमता का बायोगैस संयंत्र स्थापित कराया, जिसके लिए उन्हें शासन की ओर से 14,350 रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। संयंत्र स्थापित होने के बाद उनके परिवार को प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में बायोगैस उपलब्ध हो रही है, जिसका उपयोग वे अपने रसोईघर में भोजन बनाने के लिए कर रहे हैं। अब उन्हें गैस सिलेंडर खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ रही, जिससे घरेलू खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है और ईंधन की समस्या से भी राहत मिली है। संयंत्र से निकलने वाली स्लरी का उपयोग श्री मेवाड़ा जैविक खाद के रूप में अपने खेतों में कर रहे हैं। इस खाद के उपयोग से खेतों की उर्वरता में सुधार हुआ है, खरपतवार की समस्या कम हुई है तथा फसल उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटने से खेती की लागत कम हुई है और भूमि की गुणवत्ता में सुधार आया है। इस प्रकार नवीन राष्ट्रीय बायोगैस एवं मैन्योर मैनेजमेंट प्रोग्राम किसानों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता, जैविक खेती और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# सौगात मिलीः अब सीहोर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी अहमदाबाद, मुंबई बांद्रा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। लंबे समय से प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे सीहोर वासियों की मुराद पूरी हो गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीहोर रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज को स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब सीहोर स्टेशन पर इन ट्रेनों का नियमित स्टॉपेज रहेगा, जिनमें अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19489/19490) और मुंबई बांद्रा-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19091/19092) शामिल हैं।

### सांसद शर्मा के प्रयास लाए रंग

इन ट्रेनों के ठहराव का श्रेय क्षेत्रीय सांसद आलोक शर्मा के विशेष प्रयासों को दिया जा रहा है। सांसद शर्मा ने क्षेत्र की जनता की मांग को देखते हुए रेल मंत्रालय और व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर सीहोर में इन ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था।




### सीधे जुड़ेंगे महानगर से, यात्रियों को मिलेगी राहत

अब तक सीहोर के यात्रियों को इन ट्रेनों को पकडऩे के लिए भोपाल या अन्य बड़े स्टेशनों पर जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। अब सीहोर स्टेशन पर स्टॉपेज मिलने से गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जाने वाले हजारों यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी आत्माराम दुबे का निधन



रेहटी। तहसील के ग्राम पांगरा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी, पूर्व पटवारी एवं अशोक दुबे, अरविंद दुबे सदस्य सलकनपुर मंदिर समिति, मुकेश दुबे के पूज्य पिताजी आत्माराम दुबे का 98 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। निधन के बाद परिजनों एवं ग्रामवासियों ने उनकी भव्य पालकी यात्रा गांव में निकाली। इस दौरान भजन भी चलते रहे। मां नर्मदा तट आंवलीघाट पर उनकी अंत्येष्टि की गई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। स्व. आत्माराम दुबे का निधन जहां परिजनों के लिए अपूरणीय क्षति है तो वहीं क्षेत्रवासियों ने भी एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया, जो हमेशा समाज सेवा को तत्पर रहते थे। स्व. आत्माराम दुबे का जन्म वर्ष 1928 में हुआ। उन्होंने अंग्रेजी शासनकाल एवं नवाबी दौर भी देखा। युवावस्था में वे अध्यापक रहे। इसके बाद उन्होंने पुलिस विभाग में भी सेवाएं दीं, लेकिन कहीं न कहीं अपने सिद्धांतों का पालन नहीं करने पर दोनों ही सेवाएं त्याग दी। इसके बाद उन्होंने राजस्व विभाग में भी सेवाएं दीं। यहीं से उन्होंने सेवानिवृत्ति भी ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे।

### नगर में निकलेगी भव्य शिव बारात, ऐतिहासिक होगा समारोह का आयोजन

# एआई मॉडल आधारित झांकियां निकलेंगी और आठ राज्यों के कलाकार देंगे प्रस्तुति

भव्य अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात की युद्ध स्तर पर हो रही तैयारीया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में भव्य अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात की युद्ध स्तर पर पर तैयारीया की जा रही है। चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह मे भगवान भोले नाथ की बारात 15 फ़रवरी को शाम 5:00 बजे श्री बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बे में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ संपन्न होगी। भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया की चल समारोह में पहली बार एआई मॉडल आधारित झकिया निकलेंगी और कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक लाइव झकी भासम आरती के साथ निकाली जाएगी।

शिवरात्रि उत्सव से नगर में एक अलग ही आलौकिक माहौल रहता है इस दिन शिवालयों में पूजा अर्चना की जाती है वही नगर में एक भव्य चल समारोह महाशिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में निकाला जाता है। महाशिवरात्रि उत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव गुजरती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह ने अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है, हज़ारो की संख्या में शिव भक्त बाराती के रूप में शामिल होते है, इस वर्ष भी समिति द्वारा भगवान भोले नाथ की बारात तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है । भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य चल समारोह धर्ममय माहौल में निकाला जाएगा। शिव बारात चल समारोह में इस वर्ष भी इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव पर देश भर के कलाकार आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे, कार्यक्रम में विशाल अघोरी एण्ड ग्रुप दिल्ली, नवाब विनय आर्ट ग्रुप जम्मू, भस्म रमैया भक्त मण्डल उज्जैन, वटेश्वर महादेव भक्त मण्डल सीहोर,इन्दौर, भोपाल,



बैरसिया, की आकर्षक झाकियां, वृंदावन की रासलीला, राजस्थान का घुमर,12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन बाबा महांकाल के दर्शन, श्याम प्रेमी ग्रुप जबलपुर, गुरू तेजबहादुर एंड गतका अखाडा पंजाब, सोनू सांवरिया एंड ग्रुप पंजाब, प्रतीक 21 रंगोली आर्ट्रिस्ट कोलहापुर महाराष्ट्र, शिव कन्या ढोल ग्रुप छिन्दवाड़ा की प्रस्तुति दी जाएगी,महाकाल आर्ट ग्रुप कोटा, वहीं इंदौर के कलाकारों द्वारा बाबा महाकाल की झांकिया कार्यक्रम में सुंदरता अपने रंग बिखेरेंगी, स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई जा रही भगवान भोलेनाथ के आदि योगी स्वरूप की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तो को 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे वही दूसरी रास लीला शिव तांडव की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि कलाकारों की प्रस्तुति हेतु चलसमरोह मार्ग पर आठ पॉइंट निर्धारित किये गए है । समिति के प्रयासों से कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

उत्सव समिति के प्रमुख संरक्षक सन्नी महाजन, संस्थापक लोकेश सोनी, चल समारोह अध्यक्ष राजीव गुजराती, कमलेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, आयुष सोनी, प्रभारी ऋषि सोनी, राजू खत्री, सयोजक राजेश राय, यश अग्रवाल, ऋषि सोलंकी, विवेक राठौर, धीरू यादव ,मोनी शर्मा,पंकज राय चल समारोह उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, यश यादव, ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ माता बहनो से अधिक से अधिक संख्या में चल समारोह में शामिल होने की अपील की है।कार्यक्रम की तैयारियों में समिति के हेमंत वर्मा, सागर सोनी, शुभम सक्सेना,दिव्यांश सक्सेना, पीयूष मालवीय, यश यादव, सर्वेश व्यास, मनीष मेवाड़ा, हरिओम सिसोदिया, अनुभव सेन, अनूप चौधरी, प्रमोद वर्मा, जागेंद्र खत्री,मुकेश वशिष्ठ, जयदीप नहलानी, दिनेश चावड़ा, सुनील भावसार , रवि खत्री, बल्ला खत्री, विक्की भासवार, गीताश भावसार, रोहित बाबा, देवेंद्र सेंगर, सुधीर सोनी, अनूप चौधरी, राजेश भावसार, राकेश राठौर, अशोक गौतम, सागर सोनी, शुर्यांश जादौन, विक्की विश्वकर्मा, तनीश त्यागी, अभिषेक लोधी,अभिषेक मेवाड़ा सहित कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी कर रहे है।

# पहली बार छोटी 51 सदस्यीय जिला कांग्रेस कमेटी बनेगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को प्रदेश मुख्यालय इंदिरा भवन, भोपाल में सीहोर जिले की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम एवं वार्ड पंचायत समितियों के गठन की कार्ययोजना तथा आगामी संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, आईसीसी सचिव संजय दत्त, संगठन महासचिव संजय कामले, जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण, प्रदेश महामंत्री शालेन्द्र पटेल, सिहोर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, विधानसभा प्रभारी एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या 51 से ज्यादा नही रहेगी एवं प्रत्येक जिले में अनुशासन समिति का गठबंधन किया जाएगा, जो भी कांग्रेस पार्टी के संविधान और अनुशासन का पालन नहीं करेगा उपयोग व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

सोशल मीडिया पर भी अनर्गल टिप्पणियाँ करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जयेगी। सीहोर जिले के पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठबंधन के कार्यक्रम की भी बारिकी से समीक्षा की गई। नगर अध्यक्ष गण की नियक्ति मंडल अध्यक्षगणों की नियक्ति साहित ब्लॉक कांग्रेस समिति मोर्चा संगठन प्रवक्ता की नियुक्ति के संबंध में भी चर्चा की गई।

# नवीन बालक हाई स्कूल में भावनाओं की विदाई विद्यार्थियों ने सौंपी जिम्मेदारी की जलती कैंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर के नवीन बालक हाई स्कूल में शनिवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह भावनाओं, अनुशासन और आत्मीयता से सराबोर रहा। समारोह की शुरुआत कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा 10वीं के छात्रों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत के साथ हुई। विद्यालय प्रांगण तालियों की गूंज, मुस्कान और अपनत्व से जीवंत नजर आया।कार्यक्रम के दौरान 9वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी। मंच से विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए। दोस्ती, अनुशासन और संघर्ष की स्मृतियों ने पूरे माहौल को भावुक बना दिया।

कई विद्यार्थियों की आंखें नम दिखीं, वहीं तालियों की गड़गड़ाहट ने समारोह को ऊर्जा से भर दिया।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती चित्रलेखा ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को उपहार प्रदान कर आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के समय मानसिक दबाव से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और धैर्य के साथ प्रश्नपत्र हल करें। मानसिक रूप से मजबूत रहकर दी गई परीक्षा ही सफलता की राह खोलती है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया।

समारोह का सबसे प्रेरक क्षण तब सामने आया जब कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सामूहिक सहयोग से चार हजार रुपये की राशि एकत्र कर स्कूल को दो पंखे भेंट किए। इस अनुकरणीय पहल की प्राचार्य श्रीमती चित्रलेखा ने खुले मंच से सराहना करते हुए इसे सामाजिक जिम्मेदारी और संस्कारों का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 10वीं के कैप्टन ने प्रतीकात्मक रूप से अपनी जिम्मेदारी कक्षा 9वीं के विद्यार्थी को सौंपते हुए जलती कैंडल उनके हाथों में दी। यह क्षण नेतृत्व, विश्वास और निरंतरता का सशक्त संदेश देता नजर आया। विदाई समारोह का समापन उज्ज्वल भविष्य की कामना और यादगार पलों के साथ हुआ।इस अवसर पर कक्षा 9वीं व 10वीं के सभी विद्यार्थी तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। समारोह ने शिक्षक-छात्र संबंधों की मधुरता और विद्यालयी संस्कारों को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया।

# मानव जीवन के कल्याण का साधन मात्र यज्ञ मंत्र शक्ति से सामान्य मूर्ति देव रूप में होती है परिवर्तित: मनोज तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



तहसील भैरूंदा के ग्राम लाड़कूई में आयोजित पंचदिवसीय भगवान श्री गणेश प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

धार्मिक अनुष्ठानों, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया।यज्ञ के दौरान प्रवचन देते हुए आचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार मानव जीवन में मानवता का संरक्षण और पालन आवश्यक है, उसी प्रकार यज्ञ का संरक्षण और पालन भी अनिवार्य है। यज्ञ त्याग और तपस्या का प्रतीक है। शास्त्रों में कहा गया है— "यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म", अर्थात यज्ञ से श्रेष्ठ कोई कर्म नहीं है। यज्ञ के माध्यम से न केवल सांसारिक सुख-साधन प्राप्त होते हैं, बल्कि परलोक भी सुधरता है।

यज्ञ से जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।आचार्य तिवारी ने बताया कि सनातन परंपरा में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देव माना गया है। गणेश पूजन से विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में मंगल का आगमन होता है। परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा और यज्ञ के माध्यम से सामान्य मूर्ति देव रूप में परिवर्तित हो जाती है और चैतन्य मूर्ति की पूजा से देवता प्रसन्न होते हैं।इस धार्मिक आयोजन के आयोजक शिव नारायण शिरा एवं उनके पुत्र जितेंद्र शिरा तथा धर्मेंद्र शिरा (लाड़कूई) द्वारा निःशुल्क यज्ञ और कन्यादान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया गया। आयोजकों ने यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि धन का सदुपयोग धर्म और सेवा कार्यों में होना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों का कल्याण सुनिश्चित होता है।ग्राम लाड़कूई में भगवान श्री गणेश के भव्य मंदिर का निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 2 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का समापन 7 फरवरी को मूर्ति प्रतिष्ठा, यज्ञ की पूर्णाहुति एवं पांच जोड़ों के निःशुल्क कन्या विवाह के साथ हुआ। प्रत्येक कन्या को आयोजकों की ओर से 21 हजार रुपये का उपहार भी प्रदान किया गया।आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रातः एवं सायं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। पूरे महोत्सव के दौरान ग्राम लाड़कूई भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के रंग में रंगा नजर आया।

# परसैया के निधन पर शोक सभा में दी श्रद्धांजिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 मुरदी मोहल्ला डॉ.अम्बेडकर नगर गंज सीहोर के पूर्व पार्षद रहे रामप्रसाद परसैया की धर्म पत्नि तथा नन्दलाल, भगत सिंह सेवी अशोक परसैया की माताजी श्रीमती कलावति परसैया का अनानयस हो जाने पर मुरली रेल्वे क्रासिंग के पार संत शिरोमणि रविदास मुक्तिधाम में उनका दाहसंस्कार किया गया तथा उनके देवलोक गमन होने पर ईश्वर से उन्हें श्रीचरणो में स्थान देने की प्रार्थना की गई तथा शोकाकुल परसैया परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा उनकी आत्मशांति हेतु कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने जाटव समाज एवं नाते रिस्तेदारों के बीच दो मीनट का मौन धारण कर मुक्तिधाम में शोकसभा श्रद्धांजलि कराई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भगवति प्रसाद सुनगरिया कार्यपालन यंत्री जल संसाधान विभाग दुर्ग, पं.नरेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद रंजीत वर्मा, गंगाराम परसैया, चुन्नीलाल जाटव, शिवलाल यादव, नारायण सिंह परिहार, मोहन ठेकेदार, रमेश जाटव, सुरेश फरेला, महेश आर्य, रिंकु कचनेरिया, सुरेश महोबिया, मनोज फरेला, अनिल मंगरोलिया, सुनील प्रभाकर, हरिसिंह पुरविया, रामलाल परसैया, कैलाश परसैया, राजेन्द्र परसैया, मदन मंगरोलिया, टीटु कचनैरिया, संतोष जाटव आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### वीआईटी भोपाल के एनएसएस विशेष शिविर समापन पर प्रभात फेरी

सीहोर। वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिन उत्साह, अपनापन और यादगार पलों के साथ संपन्न हुआ। शिविर के समापन दिवस की शुरुआत सुबह प्रभात फेरी से हुई। स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ भाग लिया। प्रभात फेरी के दौरान देशभक्ति और प्रेरणादायक भजनों से वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।

# नगर गौरव समारोह में शिक्षक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बाल विहार मैदान पर शनिवार की शाम नगर पालिका द्वारा आयोजित ऐतिहासिक नगर गौरव सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र वर्मा सर को गरिमामय सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उनके वर्षों के समर्पित शिक्षण कार्य और हजारों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में निभाई गई अहम भूमिका के लिए प्रदान किया गया।

नरेंद्र वर्मा सर से शिक्षा ग्रहण कर आज अनेक युवा विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल किताबी ज्ञान दिया, बल्कि अनुशासन, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि नरेंद्र वर्मा सर जैसे शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा रहे, जिन्हें नगर रत्न गौरव सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी अभिनेत्री नेहा मेहता,समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय,जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं सीहोर कलेक्टर बाला गुरु ने मंच से प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अतिथियों ने नरेंद्र वर्मा सर के योगदान की सराहना की।

### चर्च मैदान पर 25 से होगी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

# सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के चर्च मैदान पर आगामी 25 फरवरी से संस्कार मंच और जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाली जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार की शाम को इसके अंतर्गत दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया। इसमें सीहोर क्लब की ओर से धुरव-पुष्पा ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम 3-1 से विजय रही। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और मनोज दीक्षित मामा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार की शाम को पहला मुकाबला एमजी क्लब और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया था। इस मैच में सीहोर क्लब की टीम 2-0 से विजय रही। इसमें सीहोर क्लब की ओर से धुरप-पुष्पा ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा वहीं एक अन्य मुकाबला भी एक तरफा रहा। इसमें सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 3-1 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की ओर से रोहित, युवराज और आदित्य ने एक-एक गोल किया। इधर सीहोर चिल्ड्रन की ओर से अनुज ने एक मात्र गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में करीब 12 टीमों को शामिल किया जाएगा। वहीं आल इंडिया फुटबाल एसोसिएशन से प्रतियोगिता के लिए खेलो इंडिया स्माल सेंटर का नाम प्रस्तावित कर पंजीयन किया गया है। इसमें करीब 150 से अधिक अंडर-10 से लेकर अंडर-12 तक के पंजीकृत खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। इसको लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने एक समिति का गठन किया है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर गत दिनों जिला फुटबाल एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय और मनोज दीक्षित मामा को प्रतियोगिता का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कोच के रूप में बालिका वर्ग के लिए मधु राघव, ज्योति गौर, आयुषी पंसारी के अलावा बालक वर्ग के लिए सीनियर कोच मनोज कन्नोजिया, विपिन पवार, मनोज अहिरवार और विजेन्द्र परमार आदि को शामिल किया गया।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने अपनी लंबित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल के बाहर धरना दिया। शिक्षकों ने संघ जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर के नेतृत्व में टाउन हाल से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अमित सिंह को दिया। आजाद अध्यापक संघ के द्वारा विभिन्न मांगों और समस्याओं के निराकरण की मांग मुख्यमंत्री से की गई। आजाद अध्यापक संघ के द्वारा मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षकों की पेंशन, ग्रेच्युटी का मुद्दा उठाया गया। दिवंगत अध्यायसंवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिए जाने की बात भी कही गई । अध्यापक शिक्षक संवर्ग की बुक्त रिका पदों में से 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदोन्नति किए जाने सहित अन्य मांगी रखी गई। प्रदर्शन में राजेन्द्र सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष आष्टा लाड सिंह मालवीय, भगत सिंह,लखन सिंह मालवीय,योगिता लोधी सहित बड़ी संख्या में जिले भर के शिक्षक शामिल रहे।

### दरगाह क्षेत्र में रंग-रोगन कार्य जारी, तरह-तरह के झूले रहेंगे आकर्षण का केंद्र


# 112वें सालाना उर्स की तैयारियां हुई तेज, हजारों जायरीन आएंगे

### कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही घोषित किया जा चुका है एक दिन का स्थानीय अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी की दरगाह पर आगामी मार्च माह में लगने जा रहे 112वें सालाना उर्स के लिए दरगाह कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दरगाह परिसर पर जहां पुताई एवं रंग-रौगन का कार्य प्रगतिरत है वहीं सेवादारों द्वारा उर्स क्षेत्र में बोल्डर, पत्थरों को भी हटाते हुए समतलीकरण का कार्य किया जाने लगा है।

आपको बतादें कि आगामी 10 मार्च से गुसल शरीफ की रस्म के साथ सालाना उर्स की शुरूआत होगी। हर साल की तरह इस साल भी उर्स में बच्चों, बड़ों के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले, सर्कस सहित अन्य साधन आएंगे। वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार स्थानीय उर्स में आने वाले आमजनों की सुविधा के लिए दरगाह कमेटी द्वारा कई तरह के इंतेजाम किए जा रहे हैं। उर्स की व्यवस्थाओं, इंतेजामों की कड़ी में कमेटी



सदर मोहम्मद शफीक गामा, मुत्तवल्ली मीर मुश्ताक अली रिजवी द्वारा दरगाह के अंदरूनी हिस्से में फातिहा पढ़ते हुए कूची चलाकर पुताई की रस्म अदायगी की गई। इस दौरान कमेटी सदर अशरफ गौरी, अकीब खान सहित अन्य मौजूद रहे। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि दरगाह परिसर को आकर्षक स्वरूप देने पुताई सहित रंग-रौगन कार्य तेजी से किया जा रहा है।

#### कलेक्टर घोषित कर चुके हैं 12 मार्च का स्थानीय अवकाश

आपको बतादें कि राजगढ़ मुख्यालय पर लगने वाले इस सालाना उर्स में न केवल राजगढ़ बल्कि समीप के अन्य जिलों, राजस्थान, भोपाल व पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में जायरीन आते हैं। इस उर्स की लोकप्रियता के मद्धेनजर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा भी आगामी 12 मार्च के लिए संपूर्ण राजगढ़ जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है।

#### आमजनों की मांग, कम हो झूलों आदि का किराया

बाबा की दरगाह पर लगने वाले इस उर्स में प्रतिवर्ष हजारों लोग सामानों की खरीदी, मनोरंजन के साधनों का लुत्फ लेने यहां आया करते हैं। गत वर्ष आयोजित मेले में सभी तरह के झूलों का किराया लगभग 50 रुपए रखा गया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस साल किराया दर में और ज्यादा बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में आमजनों ने दरगाह कमेटी पदाधिकारियों से मांग रखी है कि झूलों सहित मनोरंजन के अन्य सभी साधनों के किराए में वृद्धि न की जाए ताकि हर तबके के लोग एवं बच्चे उर्स का लुत्फ उठा सकें।

#### सुरक्षा, टैफिक व्यवस्था के इंतजाम होने लगे

उर्स में आने वाले हजारों लोगों की सुरक्षा के मद्धेनजर पुलिस प्रशासन ने भी शुरूआती तैयारियां आरंभ कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि हर साल उर्स क्षेत्र में अलग से एक अस्थाई पुलिस चैकी भी बनाई जाती है जिसमें चैबीसों घंटे कई पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाता है।

---

### माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश ताकि सारगर्भित लिखें

# बोर्ड परीक्षाएं: प्रश्न-पत्र हल करने नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दो दिन बाद 10 फरवरी से आरंभ होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी विषय का प्रश्न-पत्र हल करने के लिए दूसरी उत्तर-पुस्तिका (सप्लीमेंट्री कॉपी) नहीं मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों पर प्रत्येक परीक्षार्थी को 32 पेज की एक ही कॉपी पूरा पर्चा हल करने के लिए दी जाएगी।

दरअसल, अनेकों विद्यार्थी पर्चा हल करते समय विषय और लीक से हटकर बढ़ा-चढ़ाकर अपना उत्तर लिखते हैं, जिसका मूल प्रश्न से कहीं से कहीं तक कोई संबंध नहीं होता। ऐसे में परीक्षार्थी सारगर्भित और विषय संगत ही उत्तर दें, इसके लिए माशिमं ने उक्त निर्देश प्रसारित किए हैं। मंडल द्वारा गत वर्ष की परीक्षाओं में भी यह प्रयोग किया गया था जो पूरी तरह सफल रहा था। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में परसों 6 फरवरी को जिले में बनाए गए प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए हुए परीक्षा सामग्री वितरण में परीक्षार्थियों की संख्या के मान से संबंधित केंद्रों के प्रभारियों को उत्तर-पुस्तिकाएं हैंडओवर की गई हैं।

#### परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण लाउडस्पीकरों पर भी प्रतिबंध

प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। नकल प्रकरणों को रोकने ब्लॉक एवं जिला स्तर पर उड़नदस्ते बनाए गए हैं जो परीक्षा अवधि के दौरान सतत रूप से संवेदनशील, अति-संवेदनशील सहित सभी 63 केंद्रों का अनवरत भ्रमण, निरीक्षण करते रहेंगे। उधर, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने परीक्षाओं के दृष्टिगत संपूर्ण राजगढ़ जिले की सीमा में ध्वनि-विस्तारक यंत्रों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

---

### पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

सारंगपुर। नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर मंदिर परिसर में पाटीदार समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में कुल 37 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। आयोजन में समाजजनों का उत्साह और सहयोग विशेष रूप से देखने को मिला, जिसके चलते कार्यक्रम विशाल एवं सफल रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं सम्मेलन अध्यक्ष मोहनलाल रावत उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने अपने संबोधन में सामूहिक विवाह सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह संपन्न कराने का अवसर प्रदान करते हैं। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया था और विवाह समारोह के दौरान पारंपरिक रस्मों का विधिवत पालन किया गया। अंत में सभी नवदंपतियों को समाज की ओर से आशीर्वाद एवं उपहार भेंट किए गए। आयोजन की सफलता पर समाजजनों ने संतोष व्यक्त करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

---

## ग्राम चौपाल: 'बचपन' अपने से कर रहा 'बदलाव' की शुरुआत

### कुरीतियां मिटाने तंवरवाड़ क्षेत्र के गांवों में चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के कई समाजों में व्याप्त नातरा-झगड़ा सहित अन्य कुरीतियों, भेदभाव और नशे आदि के खिलाफ अब बच्चे और युवा केवल सवाल नहीं उठा रहे, बल्कि स्वयं बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के बीच एक नई सोच, नई चेतना और नई दिशा उभरकर सामने आ रही है। युवाओं का साफ कहना है कि "यदि समाज को बदलना है, तो बदलाव की शुरुआत हमें खुद से करनी होगी।" इसी कड़ी में बीते दो दिनों में कालीपीठ क्षेत्र के करीब 20 से अधिक गांवों में अलग-अलग युवाओं की टोलियों, बच्चों के साथ चैपालों के माध्यम से संवाद किया जा रहा है। रहेगी। इन चैपालों एवं बैठकों में बच्चे व युवा न केवल अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी सहमति उनके द्वारा जताई जा रही है। कल शनिवार को सांडाहेडी, महाबल, आंबा, लावाबे, कालीपीठ, हीरानखेड़ा, भीयापुरा, टांडी कलां आदि गांवो में आयोजित चैपाल में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और खुलकर अपने विचार रखे।

#### बच्चों को उनकी भाषा में समझा रहे संवैधानिक महत्व

अहिंसा टीम के पीस वॉलेंटियर युवाओं द्वारा आयोजित बैठकों के दौरान महाबल, सांडाहेड़ी गांव में युवाओं को संवैधानिक मूल्यों जैसे न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों को उनकी ही समझने वाली भाषा में कुरीतियों के संबंध में अवगत कराया गया। युवाओं का कहना था कि जब तक संविधान को सही मायने में नहीं समझा जाएगा, तब तक एक बेहतर और न्यायपूर्ण समाज की कल्पना संभव नहीं है। चैपाल में उपस्थित युवाओं ने एक स्वर में कहा कि यदि सभी युवा संगठित होकर ईमानदारी से कार्य करें, तो न केवल गांव बल्कि पूरे क्षेत्र को शिक्षित और कुरीतियों से मुक्त बनाया जा सकता है। जारी रहेंगे।

---

### उल्लंघन पर निम्नानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि होगी देय

# नरवाई जलाना पूर्णत: प्रतिबंधित आग लगाना होगा दंडनीय अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

उपसंचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास राजगढ़ द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है की वर्तमान में गेहूं की अधिकांशतः फसल कटाई हारवेस्टर द्वारा की जाती है। कम्बाईन हारवेस्टर से कटाई उपरांत फसल की नरवाई में आग लगाने की घटनाओ में तेजी से वृद्धि हुई है। नरवाई जलाने के कारण वायु प्रदुषण एवं आगजनी की घटनाओ से आमजन के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है साथ ही खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जनधन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जंतु आदि नष्ट हो जाते है जिससे व्यापक नुकसान होता है एवं भूमि की उर्वराशक्ति कम होती है।



**राजस्व सीमाक्षेत्र हेतु निम्नानुसार आदेश का करना होगा पालन -**

म.प्र. शासन पर्यावरण विभाग भोपाल द्वारा जारी नोटीफिकेशन क्रमांक एफ।12-37/2017/18-5 /15.05.2017 के अनुपालन में फसल काटने के उपरांत उसके अवशेषों को जलाने से रोकने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये सम्पूर्ण जिला राजगढ़ राजस्व सीमाक्षेत्र हेतु निम्नानुसार आदेश पारित किया जाता है-

1. राजगढ़ जिला अंतर्गत फसल कटाई के पश्चात फसल अवशेषों को जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है।

2. हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मेनेजेमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करेंगे एवं खेत पर ही फसल अवशेषों का भूसा बनाकर निपटान करेंगे । यदि राजगढ़ जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हारवेस्टर मशीन संचालको द्वारा हारवेस्टर में स्ट्रा मेनेजेमेंट सिस्टम नहीं लगाया जाता है तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

3. बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगी हारवेस्टर मशीन से फसल कटाई कराने पर स्ट्रा रीपर मशीन से भूसा बनवाना अनिवार्य होगा अन्यथा भूमि मालिक एवं हारवेस्टर मशीन संचालक दोनों पर अलग-अलग राशि 5000 रुपये का अर्थदण्ड लगाया जायेगा।

4. . हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन का प्रकार, मशीन ध्वाहन नं.. स्वामी का नाम, संपर्क नं., कार्यक्षेत्र आदि की सूचना सम्बंधित थाना में दर्ज करायेंगे। इस हेतु थाना प्रभारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

5. पर्यावरण विभाग भोपाल द्वारा जारी नोटीफिकेसन क्रमांक एफ/12-37ध2017ध18-5 / 15.05.2017 द्वारा नरवाई में आग लगाना दंडनीय होगा एवं उल्लंघन पर निम्नानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी।

(1). ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड से कम है- 2500रु. प्रति घटना

ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड से अधिक व 5 एकड से कम है

---

### पुलिस ने की कार्रवाई

## सूने मकानों में चोरी का प्रयास करने वाले 2 शातिर गिरफ्तार

**सारंगपुर** । सारंगपुर पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी का प्रयास करने वाले दो शातिर आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी भी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 फरवरी 2026 को सूचना मिली कि कस्बा सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 04 स्थित जैन मंदिर के पास तथा छोटा चैक गली में अज्ञात चोरों द्वारा सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया है। फरियादी हरीश राठौर और अन्य ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5-6 फरवरी की दरम्यानी रात उनके सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया। मामले में थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 88ध26 एवं 92ध26 धारा 331(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने



घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की। संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने चोरी का प्रयास करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी बरामद की गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी आरिफ उर्फ बड़े अब्बा, पिता मोहम्मद हनीफ खान, उम्र 30 वर्ष, निवासी बारीखेल, सारंगपुर तथा दूसरा आरोपी पारस भिलाला, पिता बनेसिंह भिलाला, उम्र 30 वर्ष, निवासी नगरपालिका के पीछे, सारंगपुर।आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की हथौड़ी जप्त की।

---



### जिला राजगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन की जिला बैठक संपन्न

**ब्यावरा।** जिला वालीबॉल एसोसिएशन की ब्यावरा में जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुए। जिसमें मध्यप्रदेश एम्योचोर वालीबॉल एसोसिएशन के नवनियुक्त उज्जैन जोनल सेक्रेटरी अतुल जगताप व संक्षरक इंजी.बीके गुप्ता अध्यक्षता में हुई ,आज की इस जिला बैठक तथा निर्वाचन में सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष के लिए पुनः सर्वसम्मति से डॉ.राकेश पाण्डे राजगढ़ को जिला अध्यक्ष पद पर चयनित किया गया एवं जिला सचिव पद पर राम भील को इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा नवीन पदाधिकारियों को अपनी बधाइयां दी। साथ हीआगामी योजनाओं के साथ एसोसिएशन तथा वॉलीबॉल खिलाड़ियों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में जिले से वॉलीबाल में राज्य स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को एसोसिएशन की ओर से विशेष सम्मान प्रदान करने की बात कही गई। इस बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक इंजी.बी के गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष महंत दीपेन्द्र दास, मोहम्मद सैफी सुशील शर्मा,प्रणपाल सिंह खिंची, दिनेश पारिक , फिरोज लोदी रविंद सिंह राजपूत, यश जगताप, आदित्य रायकवार, अजय बड़ोनिया, अभिषेक दांगी, अमित प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

---

### एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस पर श्रमदान व जैविक खेती पर बौद्धिक सत्र आयोजित



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम धनोरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इस दौरान आंगनवाड़ी व पंचायत निर्माण कार्य में सहयोग करते हुए रास्तों की सफाई, मिट्टी भराव और ईंट ढोने जैसे कार्य किए। द्वितीय सत्र में जैविक खेती विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सतीश बैस एवं कृषि विभाग के विकास खंड तकनीकी प्रबंधक मयंक जैन ने जैविक खेती के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य ममता खोइया, पवन सिंह बेस सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## भर्ती कैंप में जांची युवाओं की कद-काठी, 11 चयनित

### अगला कैंप आज नरसिंहगढ़ जनपद में होगा आयोजित



**राजगढ़।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिष, नई दिल्ली के अंतर्गत सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा जिले की सभी जनपदों में भर्ती कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आजीविका मिशन के ब्यावरा स्थित भवन में शनिवार को कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 35 युवाओं ने भाग लिया जिनकी शारीरिक दक्षता, कद-काठी, योग्यता आदि के आधार पर 11 युवाओं का चयन सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पद पर हुआ है। भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं कमांडेंट कपिल शर्मा ने बताया कि अगला कैंप 09 फरवरी को नरसिंहगढ़ जनपद में आयोजित किया जाएगा। कल चयनित हुए 11 युवाओं को जयपुर में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, खजुराहो का मंदिर, सांची स्तूप, ताजमहल, ग्वालियर किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि स्थानों एवं कार्यालयों में इन युवाओं को संतोषप्रद तनख्वाह पर रखा जाएगा। इसके साथ ही सभी चयनितों को पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, वेतन वृद्धि, प्रमोशन, इंश्योरेंस एवं दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं।

#### जिन्हें भाग लेना हैं वे यहां संपर्क करें

कैंपों में शामिल होने के इच्छुक बेरोजगार अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 90798-50906 पर संपर्क कर सकते हैं। उक्त पदों हेतु कक्षा 10वीं उत्तीर्ण, आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर हो, वे युवा इसमें शामिल हो सकते हैं।

---

### मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा की 6 ग्राम पंचायतों को विकास की सौगात दी

# 3 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



#### भाजपा सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर जेपला सरपंच सुमेर सिंह गुर्जर ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास को गति देते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने विधानसभा की 6 ग्राम पंचायतों में लगभग 3 करोड़ 65 लाख की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

#### यहां होगें लाखों के विकास कार्य

1.ग्राम पंचायत शाहपुरा में लगभग 27 लाख,
2.ग्राम पंचायत कचनारिया में लगभग 47 लाख,
3.ग्राम पंचायत जेपला में लगभग 49 लाख 29 हजार,
4.ग्राम पंचायत निवानिया में लगभग 1 करोड़ 2 लाख,
5.ग्राम पंचायत मोया में लगभग 62 लाख 50 हजार,
6.ग्राम पंचायत जामोनिया घाटा में लगभग 77 लाख 50 हजार के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि विकास की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर वर्ग को सशक्त बनाया जा सके।

#### विकास कार्य जनहितैषी

इस अवसर पर भाजपा सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत जेपला के सरपंच सुमेर सिंह गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री पंवार ने उन्हें भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा की नीतियों और सुशासन पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। अंत में मंत्री पंवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण अधोसंरचना सुदृढ़ होगी, आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी , अमित शर्मा इंजीनियर आशीष लोवानिया सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### टाउन हाल में चल रही निःशुल्क ऑफ लाइन टेस्ट सीरीज

**सीहोर।** आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा निःशुल्क कोचिंग द्वारा सभी वर्गों के इच्छुक और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए संचालित निःशुल्क कक्षाओं में सीट उपलब्ध हैं। ये कक्षाएं सीहोर के टाउन हॉल के पास स्थित शासकीय लाइब्रेरी भवन में प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे के बीच प्रीलिम्स, मेंस तथा इंटरव्यू को केंद्र में रखकर संचालित की जा रही हैं। इन कक्षाओं आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली एमपीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा को ध्यान मे रखते हुए विद्यार्थियों के लिए निशुल्क ऑफलाइन साप्ताहिक टेस्ट सीरीज भी चलाई जा रही हैं। ताकि विद्यार्थी टेस्ट के माध्यम से अपनी परीक्षा की तैयारी को और अधिक मजबूत कर सकें।

### जागरुक करने के लिए चलाया विशेष अभियान

**देवास।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत बाल भिक्षावृत्ति को समाप्त करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता एवं रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के विशेष अभियान के तहत गठित दल द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर बाल भिक्षावृत्ति को रोकने संबंधी कार्यवाही की जा रही है। दल द्वारा रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर रहे। टीम द्वारा देवास के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया गया और भिक्षावृत्ति करते पाए गए बच्चों के परिवारजनों को समझाइए दी गई। दल में महिला बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी दीक्षा कुशवाह, आउटरिच कार्यकर्ता योगेश कुमार, विशेष पुलिस इकाई से संध्या दुबे थे।

### द्वितीय देवास जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई

**देवास ।** खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से द्वितीय देवास जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 6 फरवरी को हिन्द फौज के द्वारा पुलिस ग्राउंड पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से सफलतापूर्वक कराया गया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में पाँच आयु वर्ग रखे गए 7 वर्ष, 9 वर्ष, 11 वर्ष, 14 वर्ष एवं 16 वर्ष। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खिलाड़ियों में अवंतिका, शुक्ला वीरेंद्र मालवीय, संध्या बछानिया, श्रद्धा दूदे, नैंसी मालवीय, आकृति बरगदें, कोमल चौहान, अभय मालवीय, सनी गोयल तथा हिमांश सिसोदिया शामिल रहे। विजेता खिलाड़ियों को कैश प्राइज, मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

### सप्ताह बाद भी आयुष्मान घोटाले के आरोपियों पर न एफआईआर, न जांच टीम गठन

# आयुष्मान के 46 लाख से ज्यादा रु. निकालने वाले कर्मियों पर स्वास्थ्य विभाग बना मेहरबान

### आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा ने 18 लाख रुपए अपने बैंक खातों में किए ट्रांसफर, कुल 46 लाख से ज्यादा का है घोटाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले के आष्टा के सरकारी अस्पताल में केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में हुए 46 लाख रुपए से अधिक के बड़े घोटाले के सामने आने के एक सप्ताह बाद भी भ्रष्ट आरोपियों पर नाही अब तक पुलिस में अपराधिक मामला दर्ज किया गया है नाही मामले में जांच टीम गठित करने की जोहत उठाई गई है वही मामले में सिर्फ जिला स्तर पर जांच टीम बनाने का पत्र भेजकर आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

वही अब मामले में आरोपी सबूतों से छेड़छाड़ कर अपने बचाव का रास्ता निकाल रहे हैं और उक्त राशियों को पुनः पात्र डॉक्टरों और नर्सों के खाते में ट्रांसफर कर रहे हैं लिहाजा जिससे आष्टा का स्वास्थ्य विभाग भी अपने इस छोटे से प्यादे को बचाने का प्रयास कर बड़ी मछलियों को बचाकर उनके कांडों को छुपाने का प्रयास कर रहा हैं वही अब मामला केंद्र सरकार से जुड़ा है ऐसे में सीहोर कलेक्टर से लेकर भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी मामले में संज्ञान लेकर आरोपियों पर तत्काल एफआईआर के आदेश जारी कर निलंबित करना चाहिए जिससे आगे कार्यवाही की प्रभावित न हो सके और आयुष्मान जैसी योजना में घोटाले करने वाले इन सरकारी दीमको का उचित ईलाज हो सके। गौरतलब है कि सिविल अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने वर्ष 2017-18 से लेकर वर्ष 2023 तक सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को मिलने वाले इनसेंटिव को गलत तरीके अपने रिश्तेदारों के खातों में डालकर 46 लाख रुपए से अधिक का घोटाला कर डाला है।

लेकिन अब मामला मीडिया में उजागर होने के बाद भी एक सप्ताह से ज्यादा का समय बीत चुका है लेकिन अब तक आरोपियों पर FIR दर्ज नहीं हो पाई है नाही आरोपी को अब तक निलंबित करने की कार्यवाही की गई है

#### आयुष्मान मित्र ने खाते में डाली राशि

आयुष्मान योजना का कार्य देखने वाले आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा ने भी आयुष्मान योजना इनसेंटिव को अपने बैंक खातों सहित अपनी पत्नी के बैंक खातों में ट्रांसफर कर डाला है जिसमें 18 लाख रुपए से ज्यादा की राशि शामिल है जगदीश मेवाड़ा ने अलग अलग बैंक खातों में इन राशियों को ट्रांसफर किया है और इसमें 55000 हजार की राशि अपनी पत्नी के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की है वही सिविल अस्पताल में पदस्थ एक कर्मचारी ने भी गलत तरीके से डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को मिलने वाले इनसेंटिव को अपनी पत्नी सहित अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों में डाल दी और यह राशि 27 लाख रुपए से अधिक की है

#### स्वास्थ विभाग बचाने में जुटा

वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक आयुष्मान योजना इनसेंटिव का घोटाला करने वाले आरोपियों ने अपने जिन रिश्तेदारों के बैंक खातों में यह राशि ट्रांसफर की है अब उन खाता धारकों पर भी एफआईआर दर्ज करने की मांग उठ रही है। ऐसे में अब घोटाले का अंजाम देने वाले शातिर आरोपी आयुष्मान इनसेंटिव के असल हकदार डॉक्टरों,नर्सों, स्टाफ कर्मचारियों के बैंक खातों में पुनः ट्रांसफर कर अपने बचाव का प्रयास कर रहे हैं। वही स्थानीय स्तर पर स्वास्थ विभाग सिर्फ जांच की मांग का प्रतिवेदन भेजकर खानापूर्ति में लग गया है जिससे स्वास्थ महकमे के अफसरों की नियत पर भी सवाल खड़े होते हैं। और जिस तरह एक सप्ताह बीतने के बाद भी कार्यवाही न होना सिस्टम पर सवाल खड़े कर रहा है खेर देखना होगा कि कब तक जिम्मेदार अधिकारी अपने इस छोटे से प्यादे को बचाने का प्रयास करते हैं या फिर यह किसी को बचाने के लिए इस छोटी सी मछली की बलि दी जाती है। बीएमओ अमित माथुर ने बताया कि जिला स्वास्थ विभाग को पत्र लिखकर भेजा है यह मामला आयुष्मान योजना से जुड़ा है इसलिए जांच के बाद ही कार्यवाही की जाएगी और कार्यवाही का अधिकार आयुष्मान विभाग को है।

## प्रश्न-मंच का आयोजन कर बच्चों को बांटे गए उपहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुनि श्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ निजानंद ज्ञानामृत पर आशीर्वचन प्रदान करते हुए बंध के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आचार्य नेमीचंद सिद्धांत सागर मुनिराज ने बंध को समझाते हुए स्पष्ट किया है कि जब व्यक्ति किसी वस्तु को सही रूप में जान लेता है, तभी उसका त्याग संभव होता है। मुनिश्री ने कहा कि जीव की अज्ञानता ही बंध का मूल कारण है। जीव न तो बंध को जानता है और न ही उसमें विवेक होता है।

ममत्व के जितने भी भाव हैं, वे सभी बंध के ही भाव हैं। मां के गर्भ से जन्म लेने के बाद जीव को बंध का कोई ज्ञान नहीं होता, लेकिन जैसे-जैसे समझ विकसित होती है, वैसे-वैसे बंध के भाव उत्पन्न हो जाते हैं।उन्होंने बताया कि जहां दो जीव आपस में बंध जाते हैं, वहां संबंध तो होता है, लेकिन वे कभी एक नहीं होते। बंध के दो प्रकार होते हैं, वहीं सूक्ष्मता के भी दो भेद बताए गए हैं। बंध के भेदों को स्पष्ट करते हुए मुनिश्री ने कहा कि इसके पांच प्रकार हैं— आकार भेद, चूर्ण भेद, अपूर्ण भेद, प्रकार भेद और अनुमान भेद। मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जो प्रकाश का विरोधी है, वह अंधकार है और जो प्रकाश को रोकने वाले निमित्त होते हैं, उन्हें छाया कहा जाता है। इन उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बंध और उसके स्वरूप को सरल भाषा में समझाया।

निजानंद ज्ञानामृत बाल शिक्षा मेला का आयोजन दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में पाठशाला के बच्चों के लिए विशेष धर्मोपदेश एवं ज्ञानवर्धन हेतु प्रश्न-मंच का आयोजन किया है, जिसमें बच्चों को उपहार भी प्रदान किए ।

## विहिप व बजरंग दल की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की प्रखंड बैठक शिशु मंदिर जावर में संपन्न हुई, बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहा, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में धर्म रक्षा निधि को लेकर विशेष चर्चा हुई धर्म रक्षा निधि समाज से किस उद्देश्य के लिए ली जाती है उसके द्वारा क्या-क्या कार्य संचालित होते हैं, इन सब विषयों पर विस्तार से जिले के पदाधिकारी ने संबोधन किया। प्रखंड बैठक में नवीन दायित्व की भी घोषणा की गई नवीन दायित्व में इस प्रकार_ प्रखंड सहसंयोजक शिव प्रजापति गौ रक्षा प्रमुख मनोहर सिंह ठाकुर, सुरक्षा प्रमुख मनोज ठाकुर, धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख अभय सिंह ठाकुर, सेवा प्रमुख चेतन सिंह ठाकुर एवं जावर नगर अध्यक्ष राकेश धांधल ,उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मंत्री आर्यन कप्तान, संयोजक गौरव सिसोदिया ,गोरक्षा प्रमुख अंकित निगम एवं खंड के दायित्व ग्वाला खंड अध्यक्ष भादर सिंह उपाध्यक्ष, राहुल सिंह मंत्री ,हरपाल सिंह संयोजक, जय सिंह खजुरिया खंड से अध्यक्ष महेंद्र सिंह मंत्री ,संदीप पाटीदार गुराडिया खंड से अध्यक्ष चेतन सिंह मेवाडा ,मंत्री संदीप ठाकुर, संयोजक सुनील राठौर, गोरक्षा प्रमुख लखन प्रजापति एवं कुरावर खंड के ग्राम इकाई हर्निया गांव के अध्यक्ष श्री राम ठाकुर उपाध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, मंत्री नीरज ठाकुर ,संयोजक भोला राठौर ग्वाला खंड के ग्राम इकाई सतपुड़ा के अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर सभी नवीन पदाधिकारी का भगवा वस्त्र पहनकर संगठन में काम करने की शपथ दिलाई बैठक कार्यक्रम का संचालन प्रखंड शहर मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर गुराडिया वर्मा ने किया और सभी अतिथियों का आभार प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ने किया बैठक में सभी प्रखंड खंड एवं ग्राम इकाई के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## द्रव्य संग्रह ग्रंथ के प्रत्येक शब्द में आत्मोत्थान की शक्ति निहित है: विश्वसूर्य सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, किला मंदिर में विराजमान पूज्य वात्सल्य रत्नाकर मुनि श्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ निजानंद ज्ञानामृत पर भावपूर्ण आशीर्वचन प्रदान करते हुए द्रव्यों के गूढ़ तत्त्व को सरल शब्दों में श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। मुनिश्री ने कहा कि ऐसा कौन-सा द्रव्य है जो हमारे जीवन की समस्त क्रियाओं को संभव बनाता है, उसका नाम है धर्मद्रव्य। यह द्रव्य दिखाई नहीं देता, किंतु इसका कार्य अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। धर्मद्रव्य जीव और पुदगल को गमन में सहयोग प्रदान करता है।इसके बिना न जीव चल सकता है और न ही पुदगल। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीव द्रव्य निराकार है तथा आत्मा में असीम शक्ति विद्यमान है, किंतु आत्मा भी धर्मद्रव्य के बिना गमन नहीं कर सकती।

धर्मद्रव्य तीनों लोकों में व्याप्त है, परंतु अदृश्य है। यदि धर्मद्रव्य न हो,तो न जीव रहेगा, न पुदगल, न ही आवागमन,न नरक होगा, न स्वर्ग, न देव। संपूर्ण संसार स्थिर हो जाएगा।मुनिश्री ने कारण तत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जो किसी द्रव्य के कार्य में सहयोग करता है, उसे कारण कहते हैं। कारण के दो भेद होते हैं।उपादान कारण और निमित्त कारण। उपादान कारण उसी द्रव्य में होता है और प्रत्येक द्रव्य में विद्यमान रहता है।वहीं निमित्त कारण के बिना कोई भी कार्य संपन्न नहीं हो सकता। निमित्त कभी उपादान नहीं होता और उपादान कभी निमित्त नहीं बनता।निमित्त के भी दो प्रकार बताते हुए उन्होंने कहा प्रेरक (आरंभक) और उदासीन। उदासीन निमित्त भी कार्य में सहयोगी बन जाता है। इसी प्रकार ज्ञानी पुरुष तीनों लोकों में निमित्त रूप होते हैं। जो निमित्त को ठुकराते हैं, वे आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकते।मुनिश्री ने द्रव्य संग्रह के रचयिता आचार्य नेमीचंद सिद्धांतदेव को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अत्यंत महान ग्रंथ की रचना की है। इस ग्रंथ का एक-एक शब्द आत्मोत्थान की दिशा में ले जाने वाला है। धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य अदृश्य शक्तियां हैं और जब तक छह द्रव्य विद्यमान हैं, तब तक आत्मा भी सुरक्षित है।अंत में मुनिश्री ने कहा कि निमित्त की महिमा अपार है, निमित्त कार्यकारी होता है और क्रियावान बनकर आत्मा को आगे बढ़ाता है।

#### भक्ति भाव से मोक्ष फल अर्पित किया

नगर के श्रीचंद प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज सहित अन्य मंदिरों में सातवें तीर्थंकर श्री सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक एवं आठवें तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान का केवल्यज्ञान ज्ञान कल्याणक महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाते हुए भगवान का अभिषेक , शांतिधारा कर मोक्ष फल एवं अर्ध्य अर्पित कर भक्ति भाव के साथ आरती की गई।

### देवास पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया दम, पुलिस कर्मचारी हुए सम्मानित

# दो कर्मचारियों को मिला केन्द्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में देवास पुलिस द्वारा निरन्तर अलग-अलग आयामों में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी तारतम्य में जिले के लिये यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जिला देवास पुलिस के कर्तव्यनिष्ठ एवं उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिये केन्द्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक एवं केन्द्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। यह पदक मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स द्वारा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कर्मियों को उनकी असाधारण, सराहनीय एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिये प्रदान किया जाता है। केन्द्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक उन पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने दीर्घ सेवाकाल में असाधारण निष्ठा, अनुकरणीय कर्तव्यपरायणता एवं राष्ट्रहित में उत्कृष्ट योगदान दिया हो । वहीं केन्द्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक उन कर्मियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा एवं प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य किया हो।

#### केंद्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक

ईश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक (तत्कालीन पदस्थापना – थाना सोनकच्छ, वर्तमान – पुलिस अधीक्षक कार्यालय देवास), जगदीश चन्द्र सोलंकी, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – पुलिस लाईन देवास) को मिला।

#### केन्द्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक

सचिन चौहान, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – साइबर सेल देवास), अभय सिंह कुशवाह, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – थाना यातायात देवास), कुलदीप सिंह सिकरवार, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – थाना सोनकच्छ) को मिला। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा सभी सम्मानित अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं । उन्होने कहा कि "केन्द्रीय गृहमंत्री सेवा पदक प्राप्त करना अत्यंत सम्मान एवं गर्व का विषय है। यह पदक संबंधित पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक है। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी न केवल देवास पुलिस बल्कि सम्पूर्ण पुलिस बल के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये सभी भविष्य में भी इसी समर्पण एवं निष्ठा के साथ जनसेवा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। उक्त सराहनीय उपलब्धि पर एसपी गेहलोद ने सम्पूर्ण देवास पुलिस परिवार की ओर से सभी सम्मानित अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा आशा व्यक्त की गई कि वे आगे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी के साथ करते रहने एवं जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया।

### *नवाचारः 25 मानकों के आधार पर हर माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले थाने को दी जाएगी रिवॉल्विंग ट्रॉफी*

*__देवास।__ एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी सौम्या जैन सहित समस्त एसडीओपी,समस्त थाना/चौकी के प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे । उल्लेखनीय है कि माह नवम्बर 2024 से लगातार 14 माह से पुलिस द्वारा थानों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रतिस्पर्धा जागृत कराने और मासिक रूप से 25 मानकों के आधार पर सटिक मूल्यांकन हेतु थानावार रैंकिंग प्रणाली की प्रक्रिया जारी की गई। इसी अनुक्रम में प्रतिमाह सर्वश्रेष्ठ थाना, अनुभाग, पुलिसकर्मी पुरस्कार विगत 14 माह से प्रदान किये जा रहे है । शनिवार को आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण 2025 की समीक्षा की गई,जिसमें थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्ण वर्ष 2025 की कार्यवाही में थाना कन्नौद प्रथम, थाना औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय और थाना सिविल लाईन तृतीय स्थान पर रहा। अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थानों का 25 पैरामीटर के आधार पर माह दिसम्बर 2025 में आंकलन किया गया।*

## क्षिप्रा नदी घाट पर पद्मश्री बामनिया ने दी कबीर लोक गीतों की प्रस्तुति




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के पावन तट, क्षिप्रा पर कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आयोजित लोक गायन प्रस्तुति कार्यक्रम में लोक संगीत की मधुर स्वर-लहरियों ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस, अध्यात्म और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर कर दिया। क्षिप्रा नदी घाट, क्षिप्रा पर आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जो लोक गायन की प्रस्तुति सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित लोकगायक कालूराम बामनिया ने संत कबीर के अमर पदों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। "मन लाग्यों मेरो यार फकीरी में", "मन मस्त हुआ रे क्या बोले", "चदरिया झिनी रे झिनी" जैसे कबीर पदों की प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे और पूरा घाट कबीर वाणी से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान क्षिप्रा नदी के पवित्र स्वरूप और उसके सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने अपने संबोधन में कहा कि क्षिप्रा नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान है। इसके संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा क्षिप्रा नदी संरक्षण के संदेश के साथ हर माह सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे, ताकि कला, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ा जा सके। समापन अवसर पर कलाकारों का सम्मान किया गया।

### ग्राम पंचायत में हुआ बाल वाटिका निर्माण

देवास। जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में नवाचार कर ग्रामों में बाल वाटिकाएं बनाई जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत टोंकखुर्द की ग्राम पंचायत सेकली में उत्कृष्ट कार्य कर बाल वाटिका का निर्माण किया गया है।